अंग्रेजी विभाग में तीन दिवसीय कार्यशाला

कार्यशाला को सम्बोधित करते डॉ. सुधीर नारायण सिंह

25-27 जनवरी को भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत अंग्रेजी विभाग द्वारा 'प्रोफेशनल राइटिंग' विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. सुधीर नारायण सिंह, विभागाध्यक्ष, ह्यूमिनिटिज एण्ड मैनेजमेंट साइंस, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यलय, गोरखपुर द्वारा किया गया। तीन दिन चलने वाली इस कार्यशाला में प्रतिदिन तीन-तीन सत्र संचालित किये गये। कार्यशाला के प्रथम दिन पत्र लेखन, रिपोर्ट लेखन एवं शोध पत्र लेखन विषय पर चर्चा की गई। कार्यशाला के दूसरे दिन रीज्यूम, कॅरिकुलम वीटे एवं बायोडाटा प्रस्तुतीकरण पर चर्चा की गई जबकि कार्यशाला के तीसरे दिन फेकल्टी डेवलमेंट, टीचर टॉट रिलेशनशिप एवं इनहैंसिंग क्लास रूम इफैक्टिवनेस के बारे में बताया गया।